# पाठ–1
# अभ्यास

**बहुवैकल्पिक प्रश्नः–**

1. हाँ, तुम्हें दिन भर पदना पड़ेगा। यह कथन किसका है ?

(क) लेखक (ख) गया

(ग) मोहन (घ) दुर्गा

2. पिताजी दुखी थे, क्योंकि

(क) यह बड़ी आमदनी की जगह थी (ख) यहाँ सब चीजें सस्ती थीं

(ग) हमजोलियों से बिछुड़ जाने के कारण (घ) मिथ्यावचन के कारण

3. गुल्ली क्लब का चैंपियन था ?

(क) गया (ख) मतई

(ग) दुर्गा (घ) मोहन

4. बचपन की मीठी स्मृतियों में सबसे मीठी स्मृति थी–

(क) प्रातः काल घर से निकल जाना (ख) पेड़ पर चढ़कर लकड़ियाँ काटना

(ग) डण्डे की वह मार जो बचपन में वाचक ने गया से खाई थी। (घ) गुल्ली–डंडे बनाना।

5. मैं अब अफसर हूँ। ये अफसरी मेरे और उसके बीच में दीवार बन गई है। अब मैं उसका लिहाज पा सकता हूँ, अदब पा सकता हूँ, साहचर्य नहीं पा सकता–ये बातें किस पात्र की ओर संकेत करती हैं।

(क) गया (ख) मतई

(ग) मोहन (घ) दुर्गा

6. घर कैसे जाओगे, कोई दिल्लगी है। दाँव दिया लेगें–यह कथन किसका है ?

(क) गया (ख) इंजीनियर

(ग) रघु (घ) हरिया

7. सरकार तो पहले ही बड़े जहीन थे। इस वाक्य में कौन सा भावछिपा है।

(क) दब्बूपन (ख) क्रोधी

(ग) मिलनसार (घ) सामंजस्य

8. संवाद से कहानी क्या होती है ?

(क) महत्वपूर्ण हो जाती हैं (ख) महत्वहीन हो जाती है

(ग) आगे बढ़ती है (घ) प्रभावहीन हो जाती है।

9. संवाद के गुण हैं

(क) नाटकीयता (ख) कहानी के घटनाक्रम को आगे बढ़ाना

(ग) पात्रों का चरित्र–चित्रण करना (घ) सभी

10. संवाद बोलने वाले का चरित्र क्या करता हैं ?

(क) छिपाता है (ख) उभारता है

(ग) गंदा करता है (घ) बदनाम करता है।

**सही कथनों के सामने सही और गलत कथनों के सामने गलत का निशान लगाएंः–**

11. गया पर अनुनय–विनय का कोई असर न हुआ।

12. गया द्वारा पीटे जाने पर वाचक ने इसकी शिकायत अपने थानेदार पिता से कर दी।

13. ईर्ष्या में मनुष्य दूसरे व्यक्ति में दोष ढूंढ़ने लगता है।

14. गया बड़ी मुश्किल से खेलने को राजी हुआ।

15. खेल में धांधली होने पर गया का चेहरा तमतमा गया।

**लघु एवं दीर्घ उत्तरीय प्रश्नः–**

16. बचपन में आप कौन–कौन सा खेल–खेला करते थे? लिखें।

17. पिताजी किससे नाराज थे और उनकी नाराजगी का क्या कारण था?

18. गया की शारीरिक बनावट के बारे में लिखें।

19. गया पर वाचक की अनुनय–विनय का कोई असर क्यों नहीं पड़ा?

20. गया के झेंपने का क्या कारण था?

21. वाचक से जानबूझकर गया क्यों अपनी पराजय स्वीकार कर रहा था?

22. गुल्ली–डंडा कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखें।

23. गया का परिचय अपने शब्दों में दें।